राम का नाम निस दिन भजते रहो | By Sanjay Chauhan |

राम का नाम निस दिन भजते रहो
देखना एक दिन राम मिल जाएंगे
जैसे शबरी के घर प्रभु राम गए
वैसे अपने भी घर कभी आ जाएंगे
राम का नाम निस दिन भजते रहो
देखना एक दिन राम मिल जाएंगे

राम के नाम में है वो शक्ति बड़ी
देखो पानी में पत्थर भी तैर गए
भव पार अगर तुमको जाना ही है
राम नैया को पार लगा जाएंगे

राम के नाम से सारी दुनिया चले
राम नाम बिना कोई काम न चले
राम का नाम लेकर चलते चलो
राम आकर के बिगड़ी बना जाएंगे

झूठी माया में फंस कर न जीवन गंवा
राम चरणों में थोड़ा सा ध्यान लगा
ऐसा जीवन कभी फिर मिले न मिले
जाने किस रूप में राम मिल जाएंगे

जिस हृदय में प्रभु श्री राम बसे
उसका बाल भी बांका न कोई करे
जो भी राम को मन से पुकारा करे
राम उसको गले से लगा जाएंगे

राम से भी बड़ा राम का नाम है
इनके चरणों में बसते चारों धाम हैं
राम चरणों में निस दिन नमन करो
राम हर मन में तीर्थ बना जाएंगे

नेक राहों पे चलना तेरा काम है
आगे राह दिखाना उनका काम है
जिन राहों पे तुझको कांटे चुभे
राम आकर के फूल बिछा जाएंगे

जैसा राम रखे वैसा तुझको रहना
निज राम भजन में मगन रहना
राम की सब लीला राम जाने
देखना बेड़ा पार लगा जाएंगे

फल की आशा में जीवन विफल न बना
प्रेम बांट के जीवन सफल तू बना
राम के हाथ में अपना सब सौंप दो
राम प्रेम लुटाने चले आएंगे

लाख कोई ज़हर जग में घोल दे

और भलाई के बदले बुराई करे
राम को याद करके देख ज़रा
राम अमृत पिलाने चले आएंगे

सारी दुनिया के धन से बड़ा धन है ये
राम धन से बड़ा धन कोई भी नहीं
जिसको राम रतन धन मिल जाएगा
राम खुद उसको वैकुंठ ले जाएंगे

मरना जीना सभी राम के हाथ है
भक्ति कर जितनी सांसें तेरे पास हैं
राम भक्ति में तू थोड़ा ध्यान लगा
राम तकदीर तेरी बना जाएंगे

रूप रंग न देख मन को देख ज़रा
मन मंदिर में राम जी की मूरत बिठा
सच्चे मन से प्रभु का ध्यान लगा
देखना राम मन में समा जाएंगे

मीठी वाणी जो बोले उसी के हैं राम
मीठा अमृत जो घोले उसी के हैं राम
प्रेम के बोल मीठे बोलो सदा
प्रेम प्याला पिलाने चले आएंगे

खुशकिस्मत है वो जिनको भक्ति मिले
भक्ति के पथ पे चलकर ही मुक्ति मिले
सत कर्मों के पथ पर चलते रहो
देखना राम मुक्ति दिला जाएंगे

जिसका दुनिया में कोई सहारा न हो
उसका एक सहारा श्री राम ही है
राम जी के सहारे बढ़ते चलो
देखना वो किनारा दिखा जाएंगे

राम जी से ही दिन राम से रात है
राम से दोपहर राम से शाम है
राम आठों पहर अपने साथ ही हैं
जिस घड़ी भी बुला लो वो आ जाएंगे

जिसकी रक्षा स्वयं राम आकर करे
उसके संकट सभी एक पल में टले
राम नाम का प्याला मीठा लगे
देखना राम प्याला पिला जाएंगे

दुख कितना भी हो याद रखना सदा
राम के नाम को तू न करना जुदा
उनका दामन पकड़ कर चलना सदा
राम दुख सारे तेरे मिटा जाएंगे

राम का नाम निस दिन भजते रहो
देखना एक दिन राम मिल जाएंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b8-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%8b-by/